# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मई 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# भीषण गर्मी/लू से राहत दिलाने निगम के मुख्य द्वार पर लगा शीतल प्याऊ

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने भीषण गर्मी/लू से बचाव के लिए निगम मुख्यालय में आने वाले आगंतुकों के लिए मुख्य द्वार पर ही मटकी में पानी पीने की व्यवस्था की है तथा आज से शीतल प्याऊ भी लोगों को गर्मी से राहत देने लगेगा! यह भी उल्लेख किया था कि वाटर कूलर लगाने के बाद उस जगह पर एवं अन्य किसी चीज के लिए किसी प्रकार की वैधानिक दावेदारी मेरे द्वारा नहीं की जावेगी जिस पर आयुक्त श्री सुंदरानी द्वारा शीतल प्याऊ के लिए स्थान, पानी की सप्लाई एवं विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भवन संधारण के अधिकारियों को दिए थे! सर्वप्रथम निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने शीतल पेय पीकर कर वाटर कूलर का आनंद लिया व किए गए कार्य की सराहना की! इस दौरान स्वास्थ्य प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा, निगम सचिव जीवन वर्मा जावेद अली, अजय शुक्ला, शरद दुबे सहित निगम के तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे!





# गोबर से बनेगी की खाद एवं गैस, गोबर गैस का होटलों में किया जाएगा उपयोग

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी स्वच्छता के मामले में शहर को बेहतर बनाने के लिए नित्य नए प्रयोग के लिए जाने जाते हैं उन्होंने प्रायोगिक तौर पर गोबर गैस टैंक निर्माण कर उचित जगह स्थापित करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए थे जिसका पालन करते हुए खराब पड़े हुए पुराने टैंक को गोबर गैस टैंक के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है, अब इस टैंक का उपयोग से तरल पदार्थ का खाद बनाने एवं गैस का उपयोग भोजन बनाने के लिए किया जाएगा! घनी आबादी के चारों ओर से घिरा हुआ पावर हाउस के समीप स्थित जवाहर मार्केट जहां पर फल मार्केट एवं सब्जी मार्केट भी लगता है वहां पर स्थापित कर दिया गया है ओवरफ्लो होने के पश्चात घुला हुआ गोबर जो कि तरल पदार्थ के रूप में होगा स्वयं ही निकासी द्वार से बाहर चला जाएगा जिसका उपयोग आन साइट कंपोस्टिंग की टंकियों में बन रहे खाद में मिश्रण किया जाएगा जो कि बहुत किफायती खाद के रूप में प्रयुक्त हो सकता है!



## शहर की जनता को सही समय बताने के लिए सुपेला चौक में स्थित घड़ी का आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर किया जा रहा है संधारण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर सुपेला चौक स्थित घड़ी का संधारण कार्य किया जा रहा है! शहर के व्यस्ततम स्थल वाले सुपेला चौक पर स्थित घड़ी को संधारण कार्य किया जा रहा है, जिसे घड़ी चौक के नाम से भी जाना जाता है, यहां पर हजारों लोग दिन भर में गुजरते हैं यह चौक इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यहां पर से एक रास्ता राजधानी की तरफ, दूसरा रास्ता भिलाई स्टील प्लांट के क्षेत्र की तरफ, तीसरा रास्ता गदा चौक लक्ष्मी मार्केट की तरफ तथा चौथा रास्ता राजनांदगांव एवं दुर्ग की ओर जाता है अब इस चौराहा से गुजरने वाले लोगों को सुपेला चौक की घड़ी सही समय बताने के साथ ही अपनी और आकर्षित करने का कार्य करेगी! निगम भिलाई द्वारा संधारण किए जा रहे घड़ी के मशीनों मे नए पुर्जे भी लगाए जा रहे हैं साथ ही इसके आधारभूत संरचना में रंग रोगन, पुताई, शीशा एवं ग्रेनाइट पत्थर लगाने का कार्य भी शामिल है जिससे घड़ी अपनी ओर लोगों को आकर्षित करेगी! लगभग 5.00 लाख  की लागत से बनने वाले इस घड़ी का कार्य एजेंसी अशोक कंपनी द्वारा विगत महीनों से प्रारंभ कर दिया गया है, बारिश पूर्व कार्य पूर्ण होने की संभावना एजेंसी द्वारा जताई गई है अब जल्द ही लोगों को यह घड़ी अपने नए रूप में दिखेगी!



## वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने बताया जल संरक्षण का महत्व, उपस्थित लोगों ने लिया संकल्प

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी जल संरक्षण एवं संचयन के कार्य को लेकर वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति गंभीर हैं! आयुक्त द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर विभिन्न समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकारियों को कड़ा निर्देश प्रदान किया गया है जिसमें उन्होंने ऐसे स्थानों पर जहां से जलभराव की स्थिति निर्मित होती है तथा विभिन्न मार्गो से होते हुए जल व्यर्थ बहती है इनको एकत्रित करने के लिए इस प्रकार के स्थलों को चयनित कर वाटर हार्वेस्टिंग के रूप में तब्दील करने आदेशित किया है! इसी तारतम्य में जन जागरूकता लाने के लिए लोगों के बीच परिचर्चा भी आयोजित की जा रही है दिन सोमवार को सेक्टर 8 मे गुरुदेव की भजन संध्या मे बड़ी भीड़ एकत्रित हुई थी जिसमें आयुक्त श्री सुंदरानी भी जल संरक्षण के महत्व को बताने के लिए मौजूद हुए थे! आयुक्त महोदय ने मौजूद सभी लोगों से जल संरक्षण एवं संचयन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जल का स्वरूप बदल जाता है आज हम पानी की कमी महसूस करते हैं बारिश के दिनों में इसी पानी से हमें परेशानी उठानी पड़ती है इन सभी का एकमात्र उपाय वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करना है जो कि घर से निकलने वाले पानी को एवं अनावश्यक बहने वाले पानी को वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूगर्भ में पहुंचाना है ताकि वर्तमान एवं आने वाले कल मे पानी के लिए दिक्कत ना हो!



# नगर निगम भिलाई द्‌वारा जल संरक्षण एवं संचयन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सराहनीय है

भिलाईनगर/नगर निगम भिलाई द्‌वारा जल संरक्षण एवं संचयन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सराहनीय है विशेषकर तालाबों में दुरषित जल एवं उसके साथ कचरे को समाहित होने से रोकने के लिए बड़े नाला एवं नालियों में जाली लगाकर पानी को शुद्ध कर तालाबों में भेजने का जो प्रयास है वह प्रशंसनीय योग्य है। वर्षा के जल को वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूगर्भ तक पहुंचाना हर नागारिक की जिम्मेदारी है जिसे बताने के लिए इस तरह के कार्यशाला का आयोजन आवश्यक है। जिलाधीश अंकित आनंद ने एसएनजी स्कूल सेक्टर-4 के सभागार में निगम द्‌वारा आयोजित वाटर हार्वेस्टिंग एवं कचरा के निष्पादन कार्यशाला में उक्त बातें कहीशहर में बढ़ रहे कचरे की समस्या से निपटने का सबसे सशक्त और सरल माध्यम नागरिक अपने घर से निकलने वाले कचरे को घर में ही पृथक्कीकरण करके गीले कचरे का जैविक खाद के रुप में परिवर्तित कर उसे अपने उद्‌यानों में उपयोग करें। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने निगम द्‌वारा वाटर हार्वेस्टिंग की दिशा में किये जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को जागृत करने के लिए विभिन्न स्तर पर कार्यशाला का आयोजन लगातार किया जा रहा है सभा हाल में रखे कम्पोस्ट बिन के बारे में बताया कि यह सस्ता और सुलभ कम्पोस्ट बिन है जिसका उपयोग शहर के एक बड़े होटल में किया जा रहा है होटल से निकलने वाले गीले कचरे को इस बिन में डालकर खाद बनाकर उसका उपयोग किया जा रहा है।



## आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने नेहरू नगर जोन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आज नेहरू नगर जोन कार्यालय जोन क्रमांक 1 का औचक निरीक्षण किया! आयुक्त महोदय द्वारा सर्वप्रथम लोक सेवा गारंटी के कार्यों की समीक्षा की गई जिसको समय सीमा के भीतर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया, विकास कार्यों को लेकर जानकारी प्राप्त की जिसमें सहायक अभियंता सुनील दुबे ने बताया कि अधोसंरचना मद से किए जाने वाला कार्य अंतिम चरण पर है, निगम मद के कार्य राशि के अभाव में बहुत कम ही बचे हुए हैं तथा मूलभूत के कार्य ही प्रगति पर है! तत्पश्चात आयुक्त महोदय प्रतिदिन होने वाले जोन कार्यालय के राष्ट्रगान में सम्मिलित हुए जिसमें उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा माध्यम भी है इसी कारण हमें एक दूसरे से परिचय का मौका मिलता है, कार्यालयीन समय पर उपस्थित भी हो जाते हैं, अच्छे विचार रखने से कार्य करने की क्षमता भी सभी में बढ़ जाती है, जोन आयुक्त के नेतृत्व में अच्छे से कार्य करें यहां रिहायशी इलाका होने के साथ साथ स्लम बस्ती का भी अपना महत्व है दोनों ही क्षेत्रों को समान रूप से महत्व देना है, जिसके लिए हम सभी को कड़ी मेहनत से कार्य करना होगा यह एक चुनौती भी है! श्री सुंदरानी ने कार्यालय में वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना के संबंध पूछा जिस पर जोन आयुक्त द्वारा उस स्थल का मुआयना कराया गया जहां पर वाटर हार्वेस्टिंग निर्मित है! आयुक्त महोदय के निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त बी.के. देवांगन सहायक अभियंता सुनील दुबे एवं आलोक पसीने सहित जोन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे!





## तालाब गहरीकरण के लिए सामने आ रहे लोग, जन सहयोग से किया जाना है कार्य

भिलाईनगर/महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने जल संरक्षण एवं संचयन के लिए, तालाबों के घटते जलस्तर एवं वाटर हार्वेस्टिंग करने की अनिवार्यता को देखते हुए वर्षा जल संचयन तथा संरक्षण की दिशा में कार्य करने  के निर्देश दिए हैं! जिसके लिए निगम सभागार में तालाब गहरीकरण कार्य एवं वाटर हार्वेस्टिंग के लिए मंथन कर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें विभिन्न संगठन, समूह, व्यक्ति, आम नागरिक, प्रबुद्ध जन, उद्योगपति, महिला संगठन आदि को खुला विचार रखने एवं जन सहयोग से कार्य हेतु आमंत्रित किया गया था, जिसमें बहुतायत लोगों ने सम्मिलित होकर अपना विचार प्रकट किया एवं स्व प्रेरणा से कार्य करने हेतु हामी भरते हुए आवेदन भी प्रस्तुत किया!  इसी प्रकार से वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रति महिला समूह को 10-10 पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्व. सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कार्य किया जावेगा जिसमें जोन 6 में 4 समूह जोन 01 में एक समूह, जोन 2 में एक समूह, जोन 3 में एक समूह एवं जोन 04 में एक समूह द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग की दिशा में कार्य किया जाएगा! निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने उपस्थित सभी से कहा कि समय बहुत ही कम है, समय को ध्यान रखते हुए जल्द से जल्द कार्य करें व बारिश पूर्व कार्य समाप्त करें! पहले बोर का पानी बहुत ही कम लगभग 60 फीट तक मिल जाता था परंतु अब इससे अधिक फीट में भी पानी प्राप्त नहीं होता है जिससे घटते जलस्तर से इंकार नहीं किया जा सकता!





## शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले आई.एल. यादव पिता गुहाराम यादव स्वास्थ्य अधिकारी जो कि डौंडी लोहारा से स्वच्छता निरीक्षक के पद पर रहकर अपने कार्य की शुरुवात की, सुभाष पिता पाडूरंग पंप आपरेटर, श्रीमती उमा बाई नगपूरे पति रामराज नगपूरे मजदुर, माली पिता रामैय्या, चिन्ताराम पिता पिलऊराम, गोपाल पिता साहिबा, बिसाहूराम पिता गुलाल सफाई कामगार को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में स्थापना प्रभारी श्रीमती सुभद्रा सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, तरुण पाल लहरे, जनसम्पर्क अधिकारी पी0सी0 सार्वा, प्रभारी अधिकारी मूर्ति शर्मा ने शाॅल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दी।



**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई